हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 शहर में पहली बार छाया घना कोहरा दृश्यता कम होने ...



08 यातायात व्यवस्था बिगड़ी, सड़कें बनी पार्किंग



## खबर संक्षेप

### समीक्षा में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**विदिशा।** कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मिले तथ्यों, दिए गए निर्देशों एवं की गई कार्यवाही की तथ्यपरक व पूर्ण प्रविष्टि समय पर हो, ताकि योजनाओं की वास्तविक प्रगति का आकलन संभव हो सके। खाद, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सभी एसडीएम व तहसीलदारों को अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। लापरवाही पर जवाबदेही तय करने की चेतावनी भी दी गई।

### प्रभारी मंत्री कार्यालय से प्राप्त 37 आवेदन लंबित

**विदिशा।** जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल के भोपाल कार्यालय से प्राप्त लंबित आवेदनों की समीक्षा टीएल बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने की। समीक्षा में 21 विभागों से जुड़े कुल 37 आवेदन लंबित पाए गए। इनमें सर्वाधिक 14 आवेदन जिला पंचायत एवं अधीनस्थ विभागों के हैं। पीएचई विभाग के 3 तथा जनपद पंचायत विदिशा और नटेरन के 2-2 आवेदन लंबित हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी आवेदनों का शीघ्र, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

### ग्रामीण स्तर पर फसल बीमा पाठशाला आयोजित

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में फसल बीमा पाठशाला सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को विकासखंड नटेरन के ग्राम चक्क विलास में फसल बीमा पाठशाला का आयोजन किया गया। एसबीआई जनरल के तहसील समन्वयक शुभम मीणा ने किसानों को फसल बीमा योजना के उद्देश्य, लाभ, पंजीयन प्रक्रिया, दावा प्रकरण एवं जोखिम प्रबंधन की जानकारी दी। कृषक एप्लीकेशन एप डाउनलोड कराई गई तथा समय पर बीमा कराने व प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाव हेतु आवश्यक परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं आत्मा परियोजना के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नाम निर्देशन प्रक्रिया संपन्न, 17 पदों पर एकल नामांकन

**विदिशा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पंचायत उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) कार्यक्रम के अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनुभा जैन ने बताया कि रिक्त 19 पंच पदों में से 17 पदों पर एकल नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा विदिशा जनपद में जनपद सदस्य के एक पद हेतु दो तथा सिरोंज जनपद में सरपंच के एक पद हेतु पांच नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए। बासौदा एवं विदिशा में एक-एक पंच पद पर कोई नामांकन नहीं हुआ। आगे की प्रक्रिया आयोग के निर्देशानुसार की जाएगी।

### 15 रक्तदाताओं ने शिविर में किया रक्तदान



**शमशाबाद।** ग्राम वर्धा में लायंस क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भोपाल मेडिकल कॉलेज की डॉ शिखा ठाकुर, डॉ प्रतिभा, डॉ स्मिता, मनीष धाकड़ जनपद सदस्य, सरपंच प्रहलाद सिंह कुशवाह, अभिनंदन धाकड़, अंकित धाकड़, महाराज सिंह आर्य, गौतम आर्य, बाबूलाल धाकड़ आदि मौजूद रहे।

---

### जिपं की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में लिए निर्णयों पर सीईओ ने लिया संज्ञान

## नियम विरुद्ध कार्य व गुणवत्ताहीन निर्माण करने वालों पर होगी कार्रवाई: जिपं अध्यक्ष

- सूचना देने के बाद भी नहीं आतीं आरईएस की कार्यपालन यंत्री
- एनएचएआई के अधिकारी और ठेकेदार कर रहे हैं लापरवाही
- नियमों के विरुद्ध सहायक यंत्रियों को प्रभार सौंपे गए हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

14 नवंबर को जिला पंचायत में हुई सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में जिपं अध्यक्ष ने सख्त रुख अपनाते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से जुड़े अधिकारियों और ठेकेदारों द्वारा की जा रही लापरवाही, नियम विरुद्ध कार्य एवं गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर गंभीर चर्चा की थी।

समिति ने इन मामलों को गंभीर मानते हुए सर्वसम्मति से कड़े प्रस्ताव पारित किए। इन गंभीर मामलों में अब जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित विभागों को पत्र जारी किए गए हैं। जिपं सीईओ ने प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पत्र लिखकर 14 नवंबर को आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने पर कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा राजेश्वरी बघेल पर कार्रवाई के लिए प्रस्ताव तैयार कर दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नियम विरुद्ध कार्य करने वाले किसी भी कर्मचारी या अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं रख-रखाव में गुणवत्ता से समझौता करने वाली एजेंसियों और ठेकेदारों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत विदिशा पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनहितैषी प्रशासन के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर बुनियादी ढांचा एवं जन-स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### सड़कों की मरम्मत न होने पर होगी एफआईआर

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा बार-बार निर्देश देने के बावजूद खराब की गई सड़कों की मरम्मत नहीं कराए जाने और ठेकेदारों की लापरवाही पर समिति ने कड़ा रुख अपनाया। समिति ने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। इसके पालन में सीईओ ने एनएचएआई के चेयरमैन एवं क्षेत्रीय अधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की।

#### आरईएस की कार्यपालन यंत्री पर निंदा प्रस्ताव

आरईएस की कार्यपालन यंत्री द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों में बार-बार बिना सूचना अनुपस्थित रहने एवं मांगे गए महत्वपूर्ण दस्तावेज, जैसे माप पुस्तिका, प्रस्तुत न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। समिति ने इसे मप्र सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन मानते हुए सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया और अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की। इस संबंध में सीईओ द्वारा शासन को पत्र प्रेषित किया गया है।

#### नियम विरुद्ध प्रभार देने वाले आदेश होंगे निरस्त

बैठक में यह भी सामने आया कि आरईएस में कार्यपालन यंत्री द्वारा जिला पंचायत कार्य नियमों के विरुद्ध सहायक यंत्रियों को प्रभार सौंपे गए हैं। समिति ने इन आदेशों को तत्काल निरस्त करने का प्रस्ताव पारित किया, जिस पर सीईओ द्वारा संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

---

## सीजन का... पहला घना कोहरा पड़ा, 15 मीटर दूर बाद कुछ नहीं दिखा, न्यूनतम तापमान 7 डिग्री पर पहुंचा




गंजबासौदा। ओस की बूंदें पत्तियों पर मोतियों सी नजर आईं। - फोटो राजा छारी

### कोहरे में गुम गई ट्रेन और पटरियां



विदिशा। घने कोहरे में ट्रेन और रेल की पटरियां छिप गईं - फोटो शाहिद अहमद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

**पत्तियों पर मोतियों जैसी जम गईं ओस की बूंदें**

सोमवार सुबह ठंड के मौसम का पहला घना कोहरा छाया। दृश्यता घटकर महज 15 मीटर रह गई।

शहर और आसपास के इलाकों में सुबह के समय इतनी कम दृश्यता थी कि 15 फीट दूर तक भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था। सड़कों पर दृश्यता बेहद कम होने के कारण वाहन चालकों को वाहनों की हेडलाइट जलाना पड़ीं। घने कोहरे के चलते सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही और दुर्घटना की आशंका बनी रही। ठंड बढ़ने के साथ ही लोग और बच्चे गर्म कपड़ों में बाहर निकले। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह करीब 5 बजे तक कोहरा नहीं था, लेकिन 6 बजे के बाद अचानक घना कोहरा छा गया। मौसम वैज्ञानिक एसएस तोमर ने बताया कि आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है, जिससे कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि आने वाले दिनों में दिन के तापमान में हल्की गिरावट और रात के तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

---

## लटेरी जंगल में शिकार की साजिश नाकाम: भोपाल के पटवारी और सिविल इंजीनियर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

### रात्रि गश्ती में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, एयरगन व चाकू सहित बाइक जब्त

**14 सेंटीमीटर लंबा चाकू तथा पीछे बैठे व्यक्ति के पास टेलीस्कोप लगी एयरगन मिली।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

लटेरी वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने शिकार की नीयत से जंगल में घुसे दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। दोनों आरोपी भोपाल निवासी हैं, जिनमें एक पटवारी और दूसरा प्राइवेट सिविल इंजीनियर बताया गया है।

सोमवार को वन मंडलाधिकारी विदिशा हेमंत यादव के निर्देशन में रात्रि गश्ती के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर वन परिक्षेत्र अधिकारी लटेरी (दक्षिण) विवेक चौधरी ने टीम गठित कर बीट मुस्करा के वन क्षेत्र में दबिश दी। गश्ती के दौरान कक्ष क्रमांक पी-302 से एक बाइक को लटेरी–शमशाबाद रोड की ओर आते हुए देखा गया। संदेह होने पर वाहन को रोका गया।

जांच के दौरान बाइक चालक के पास एक थैली में 14 सेंटीमीटर लंबा चाकू तथा पीछे बैठे व्यक्ति के पास टेलीस्कोप लगी एयरगन बरामद की गई। पूछताछ में दोनों ने शिकार करने के उद्देश्य से जंगल में आना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों में गुफरान अहमद भोपाल और मोहम्मद आमिर प्राइवेट सिविल इंजीनियर, श्यामला हिल्स भोपाल शामिल हैं। आरोपियों से एक हीरो एचएफ डीलक्स बाइक भी जब्त की गई। दोनों को जेल भेज दिया गया।

### शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान, आधार एवं समग्र आईडी निर्माण हेतु विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय समन्वय, मौके पर दस्तावेज निर्माण और शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

---

## गौंड महानायकों पर सिरोंज में 3 दिवसीय नाट्य समारोह आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र संस्कृति विभाग के तत्वावधान में गौंड सभ्यता के महानायकों की शौर्यगाथाओं पर आधारित तीन दिवसीय जननायक नाट्य समारोह का आयोजन 16 से 18 दिसंबर तक केडीबीएम कॉलेज सिरोंज परिसर में किया जाएगा।

प्रशासन ने आयोजन को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। सोमवार को केडीबीएम कॉलेज में एक समन्वय बैठक हुई। जिसमें शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुख, प्रशासनिक अधिकारी और आयोजन से जुड़े जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने बताया कि जननायक समारोह के अंतर्गत गौंड सभ्यता के 52 गढ़ों में से प्रथम चरण में 30 की शौर्य परंपरा को मंचन के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से प्रारंभ होंगे।

16 दिसंबर को राजा प्रेमल शाह, 17 दिसंबर को राजा हीराखान सिंह तथा 18 दिसंबर को वीरांगना रानी दुर्गावती पर आधारित नृत्य-नाटिकाओं की प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर नगर परिषद प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकगण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### प्राणघातक हमले के 3 दोषियों को 3-3 साल का कठोर कारावास

**विदिशा।** पुरानी रंजिश के चलते प्राणघातक हमला करने वाले तीन आरोपी भारत कुर्मी, शिवाकांत कुर्मी एवं शैलेंद्र कुर्मी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम की अदालत ने 3-3 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। घटना 1 जनवरी 2024 की रात पूरनपुरा गली नंबर-4 की है। फरियादी पवन शर्मा जब आरोपी भारत कुर्मी के घर के सामने से गुजर रहा था, तभी पुरानी रंजिश को लेकर तीनों आरोपियों ने रॉड से उस पर हमला कर दिया। हमले में पवन शर्मा के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। घटना की रिपोर्ट फरियादी द्वारा देहात थाने में दर्ज कराई गई थी।

## वार्ड 10 में 51 लाख की सड़कों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



वार्ड 10 में रायपुरा बस्ती में 41 लाख एवं वार्ड 26 में 10 लाख की लागत से बनने वाली सड़कों का सोमवार को विधायक मुकेश टंडन और नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा द्वारा भूमिपूजन किया गया।

विधायक ने नपा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों की गुणवत्ता ठीक रहना चाहिए। वार्डवासी भी सड़क जब डले तो जरूर देखें कि सड़क ठीक डल रही है या नहीं। विधायक मुकेश टंडन ने कहा की अपने घरों के आसपास साफ-सफाई जरूर रखें ओर कचरा वाहन में ही डालें। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीतिराकेश शर्मा ने कहा कि आज वार्ड 10 में 41 लाख की सड़क एवं वार्ड 27 में 10 लाख की सड़क का भूमिपूजन किया है। वार्ड 10 के रायपुरा बस्ती में यहां के रहवासियों द्वारा इस सड़क की मांग की जा रही थी। नपा अध्यक्ष ने कहा कि जनता का सहयोग के लिए बिना हमारे वार्ड का एवं शहर विकास नहीं हो सकता। इस दौरान वरिष्ठ नेता बाबूलाल ताम्रकार, विजय जैन, दिनेश कुशवाह, सुरेंद्र चौहान, प्रशांत खत्री, केके गुप्ता, मनोज पंजवानी, पार्षद गजेन्द्र रघुवंशी, गोलू चौधरी आदि मौजूद रहे।

---

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4876
सरसों
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6450
चना
न्यूनतम भाव- 3111
उच्चतम भाव- 5240
मसूर
न्यूनतम भाव-4850
उच्चतम भाव-5850
ज्वार
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-5680
मक्का
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव- 1700
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3011
धान
न्यूनतम भाव-1260
उच्चतम भाव-3465
गेंहू
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3011
उड़द
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5500
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2900
धनिया
न्यूनतम भाव-7660
उच्चतम भाव-8110
मूंग
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-1000
तुअर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5000

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 34219 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## बेतवा नदी के बर्रीघाट पुल के पास नदी में मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



सोमवार को बेतवा नदी के बर्रीघाट पुल के पास एक अज्ञात युवक का शव नदी में पड़ा हुआ मिला। जिसकी सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को नदी से बाहर निकाला। शव को बाहर निकालने पर उसकी कमर में रस्सी के सहारे पत्थरों से भरा एक बोरा बंधा हुआ पाया गया। पुलिस को शव निकालने में लगभग एक घंटे का समय लगा। शव अत्यधिक सड़ा-गला होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। कमर में पत्थर बंधे होने से यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना के बाद पुलिस ने शव को शासकीय राजीव गांधी जनिचिकित्सालय भेज दिया है, जहां उसका पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। इस मामले की जांच के लिए देहात थाना निरीक्षक मनोज दुबे पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की। शव के नदी में पड़े होने की जानकारी मिलने पर मार्ग से गुजर रहे वाहन चालक पुल पर खड़े होकर शव को देखने लगे एवं स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं दोपहर बाद एसपी रोहित कासवानी ने भी देहात थाने पहुंचकर मामले की जानकारी ली और मामले की जांच एवं मृतक की शिनाख्त के संबंध में जांच अधिकारियों को निर्देश दिए।

## पिकअप और बाइक में हुई भिड़ंत




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रात्रि के समय तिरंगा चौक के पास बायपास मार्ग पर पिकअप वाहन और बाइक में भिडंत हो गई। जिसमें दो युवक घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने 112 ओर 108 पर सूचना दी। सूचना मिलने के बाद 108 की मदद से घायलों को उपचार के लिए शासकीय जनचिकित्सालय भेजा गया। वहीं वाहन दुर्घटना के दौरान पिकअप चालक घटना के उपरांत मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। घायलों में ध्रुव गुर्जर, धर्मेंद्र निवासी बाला बरखेड़ी शामिल हैं। जिन्हें उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया। पुलिस ने सफेद पिकअप क्रमांक एमपी 40जीए 0882 के चालक के विरुद्ध धारा 281, 125 बीएनएस, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### घना कोहरा और सर्दी के चलते लोग होते रहे परेशान

# शहर में पहली बार छाया घना कोहरा दृश्यता कम होने से देर से आईं ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





सोमवार को सुबह के समय क्षेत्र में सर्दी का पहला घना कोहरा छाया रहा। इस घने कोहरे के कारण जनजीवन दिन भर प्रभावित हुआ। खासकर यातायात और रेल सेवाएं खासी प्रभावित रहीं। ट्रेनें बिलंब से आईं और वाहनों को भी सुबह लाइट जलाकर चलना पडा।

यहां उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में इन दिनों तापमान में गिरावट चल रही है और सर्दी का जोर बढता जा रहा है। भोपाल एवं आसपास के क्षेत्र में तापमान रिकॉर्ड निचले स्तर पर चल रहा है, वहीं नगर एवं आसपास भी तापमान में गिरावट और जोरदार सर्दी का दौर चल रहा है। गत दिवस तक जहां सर्द हवाओं से लोग परेशान हो रहे थे्र, वहीं सोमवार को इस सीजन में पहली बार घना कोहरा छाया रहा। देर रात में भी कोहरा था और तडके से सुबह 10 बजे तक भी इलाके में घना कोहरा छाया रहा और कडकडाती सर्दी रही। जिससे आम जन जीवन प्रभावित हुआ। सुबह 10 बजे तक विजिबिलिटी इतनी कम थी कि वाहन चालकों को अपनी गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। इससे सड़कों पर वाहनों की गति धीमी हो गई और आवाजाही में परेशानी हुई। रेलवे स्टेशनों पर भी यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के कारण कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से चल रही थीं, जिससे यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। भोपाल की ओर जाने वाली अमृतसर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह 7:50 बजे से लगभग 3 घंटे देरी से चली। सुबह 8 बजे की दक्षिण एक्सप्रेस भी 4 घंटे की देरी से पहुंची। कामायनी एक्सप्रेस, सुबह 6 बजे की जगह 8 बजे प्लेटफॉर्म पर आई। मालवा एक्सप्रेस भी 4 घंटे देरी से चली, इसके अलावा ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी सहित अन्य ट्रेनें भी विलंब से संचालित हुईं। जिससे अपडाउनर्स सहित अन्य यात्रियों को खासी दिक्कतें हुईं। अचानक छाए घने कोहरे से क्षेत्र में ठंड में भी वृद्धि दर्ज की गई। लोग ठंड से बचने के लिए मफलर और स्वेटर पहने हुए दिखाई दिए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अलाव का सहारा लेते रहे। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी शनिवार तक इसी तरह तापमान में कमी रहने और कोहरा छाए रहने के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं।

## महिला ने लगाई फांसी

**गंज बासौदा।** ग्राम जोगी कीरोंदा निवासी 40 वर्षीय तुलसा बाई कुशवाह ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

## बस और बाइक में भिड़ंत एक व्यक्ति की मौत




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



सोमवार भोपाल रोड पर बस बाइक की भिड़त से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वही हादसे में चार पशु भी मारे गए। सिरोंज से भोपाल जा रही पाटीदार ट्रेवल्स की बस भोपाल रोड पर मुरादपुर गांव के पास एक मोटरसाइकिल से टकरा गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार 30 वर्षीय भारत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कल्याण कुशवाह गंभीर रूप से घायल हो गए। मोटरसाइकिल से टकराने के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क पर मौजूद पशुओं से भी टकरा गई। इसमें तीन गाय और एक भैंस की पाड़िया की भी मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 8 बजे हुई। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने तत्काल 112 पर कॉल किया था, लेकिन एम्बुलेंस एक घंटे देरी से पहुंची।

वही ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यदि एम्बुलेंस समय पर आ जाती तो भारत सिंह की जान बचाई जा सकती थी। पशुओं की मौत और एम्बुलेंस व पुलिस के देर से पहुंचने से नाराज ग्रामीणों ने सिरोंज-भोपाल रोड पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर सिरोंज के एसडीओपी सोनू डाबर, टीआई विमलेश राय और तहसीलदार संजय चौरसिया मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। इस चक्काजाम के कारण करीब आधा घंटे तक यातायात बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दुर्घटना में घायल और मृतक दोनों मोटरसाइकिल सवार सुगनाखेड़ी गांव के निवासी हैं, जो मुख्य सड़क से लगभग 10 किलोमीटर अंदर स्थित है। वे दोनों किसी काम से सिरोंज आ रहे थे, तभी भोपाल रोड पर यह हादसा हो गया। सुबह के समय घना कोहरा होने के कारण दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है। वही कोहरे के कारण बस चालक और मोटरसाइकिल चालक एक-दूसरे को दूर से देख नहीं पाए, जिससे यह हादसा हुआ। सड़क पर आवारा पशुओं की मौजूदगी भी ऐसे हादसों का एक प्रमुख कारण बनती जा रही है।

## खबर संक्षेप

### खुलेआम चल रहा अवैध सट्टे का कारोबार

**गंजबासौदा।** नगर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से सट्टे का अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। स्थानीय नागरिक कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन सट्टा रैकेट हर बार नए तरीके से दोबारा सक्रिय हो जाता है। हाल ही में सट्टा खेलते लोगों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें गतिविधियां साफ़ नजर आ रही हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अवैध कारोबार को कुछ जिम्मेदारों की मौन सहमति और संरक्षण मिल रहा है, जिसके चलते कार्रवाई के बावजूद यह धंधा लगातार जारी है। अवैध रुप से चल रहे इस सट्टे के कारोबार में कारोबारी मोटी रकम वसूल कर रहे हैं। सट्टे के इस कारोबार में लिप्त होकर अनेक युवा अपना जीवन बर्वाद कर चुके हैं तथा अपना घर परिवार को संकट में डाल चुके हैं। सट्टे का यह कारोबार ऑनलाइन भी जारी है और क्रिकेट सहित अन्य मैचों पर भी सट्टा खिलाया जाता है। जागरुक नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से अवैध रुप से नगर में चल रहे सट्टे के कारोबार को बंद किए जाने को लेकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## 31 दिसंबर तक प्रेस क्लब का सदस्यता अभियान और जनवरी में होंगे चुनाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

प्रेस क्लब गंजबासौदा की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को क्लब पार्क स्थित श्रद्धेय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 31 दिसंबर तक प्रेस क्लब की सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पत्रकार इस संगठन से जुड़ सकें। बैठक में यह भी सहमति बनी कि जनवरी माह में प्रेस क्लब की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस दौरान पत्रकारों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, संगठन की गतिविधियों तथा भवन के सुचारू संचालन और बेहतर प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों ने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि नगर के विकास से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र ही जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पत्रकारों का विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही प्रेस क्लब की नियमित बैठक आयोजन को लेकर भी चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। प्रेस क्लब भवन के बेहतर संचालन और संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगर के सभी पत्रकारों से प्रेस क्लब की सदस्यता लेने का आह्वान किया गया। इसके बाद सभी पत्रकारों ने स्नेह भोज का आनंद लिया।

## केबल लाइन के लिए खोदे गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा




एक सरकारी टेलीकॉम कंपनी द्वारा नगर सहित ग्रामीण अंचलों में केबल लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। इस दौरान सड़क किनारे खुदाई की जा रही है और बड़े गड्ढे खोदकर छोड़ दिए जा रहे हैं। जिनमें गिरकर लोग घायल हो रहे हैं। वहीं बीती रात तो त्योंदा क्षेत्र में एक बाइक सवार की तो ऐसे ही गड्ढे में गिरकर मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों पंचायतों को इंटरनेट से जोडने के लिए गांव गांव तक ऑप्टिकल केबल फाइबर लाइन बिछाई जा रही है। जिसके लिए निर्माण एजेंसी द्वारा जगह जगह गहरे गड्ढे खोदे जा रहे हैं। जिन्हें एजेंसी कर्मचारी खुला ही छोड देते हैं। इन गड्ढों में गिरकर अनेक वाहन चालक और राहगीर गिरकर घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद सरकारी टेलीकॉम एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और नही खुदाई एवं लाइन बिछाने के दौरान सुरक्षा प्रबंधों की ओर ध्यान दे रहे हैं। जिससे अब जानलेवा हादसे होने लगे हैं।

बीती रात भी ऐसा ही एक हादसा हो गया। रविवार को ग्राम खेरोदा रोड पर एक बाइक सवार गड्ढे में गिर गया और गंभीर रूप से घायल होने से उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर के लालपठार निवासी हरिओम विश्वकर्मा बाइक से अपने नाना का अंतिम संस्कार करने ग्राम हरदौट गए थे। वहां से रात्रि के लगभग 9 बजे वापिस आ रहे थे तभी खेरोदा रोड पर टेलीकॉम कंपनी द्वारा आप्टिकल लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे में वे बाइक सहित जा गिरे। इस घटना में गंभीर रूप से घायल हरिओम को ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुण्य स्मृति में महेश्वरी परिवार ने कराया नेत्र शिविर

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई 212 मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय शिवलाल महेश्वरी एवं स्वर्गीय निर्मला देवी महेश्वरी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र प्रमोद महेश्वरी प्रकाश महेश्वरी एवं परिवार के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में सोमवार को निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 212 मरीजों की आँखों की जाँच की गयी। जिनमें से 77 नेत्र रोगियों में मोतियाबिंद पाया गया। जिन्हें ऑपरेशन हेतु बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 105 मरीजों को जांच पश्चात निःशुल्क दवाइयां दी गई एवं 30 को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया। समिति द्वारा महेश्वरी परिवार का सम्मान शाल श्रीफल और फूल माला पहनाकर किया गया और सहयोग के लिये आभार माना गया। शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिप्रसाद विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं भोपाल से आये डॉ. नीरज द्विवेदी,हितेश निचलानी सिनर्जी संस्थान के डॉ. सचिन अग्रवाल, बुलबुल मोर्या, प्रिया वंशकार, संजू दांगी, रोहित विश्वकर्मा, राहुल नामदेव एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, सह सचिव विनीत अरोरा, दयाशंकर जायसवाल, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, राधेश्याम साहू, प्रवक्ता राजकुमार मलकानी, प्रकाश वाधवानी, राम गोपाल गुप्ता, सुरेश ताम्रकार, विजय भावसार, नेतराम मिश्रा, प्रदीप नेमा, जितेंद्र दांगी, चन्द्रशेखर ताम्रकार, रवीन्द्र कुमार जैन, देवी प्रसाद भावसार, देवी लाल कुशवाह हितकारिणी धर्मशाला मैनेजर रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## उचित मूल्य दुकान से 21 क्विंटल गेहूं चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



समीपस्थ ग्राम पचमा की उचित मूल्य की दुकान में गत दिवस अज्ञात चोरों ने ताला तोडकर करीब 21 क्विंटल गेहूं की चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पडताल कर रिपोर्ट दर्ज की और चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पचमा की शासकीय उचित मूल्य की दुकान गांव की दूसरी बस्ती में है। जिसके विक्रेता सुरेश रघुवंशी हैं। सुरेश ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि दिनांक 10.12.25 को उचित मूल्य की दुकान से उपभोक्ताओं को गेहूँ, चावल वितरण करने के बाद दोपहर के समय 12 बजे दुकान बंद कर दी गई थी। दिनांक 11.12.25 को उचित मूल्य की दुकान से तौल कांटा उठाया था और दिनांक 12.12.25 को दोपहर 12 बजे तुलावट हेवत सिंह रघुवंशी साथ तोल काँटा रखने के लिये पहुंचे तो देखा तो दुकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था जो पास में पड़ा हुआ था। दुकान के अन्दर जाकर देखा तो जिस कमरे में अनाज रखा रहता है उस कमरे के दरवाजे का ताला भी टूटा हुआ था। दुकान में गेहूँ की लगभग आधी बोरिया नहीं थी। दुकान के स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर पाया कि गेहूँ की 42 बोरिया लगभग 21 क्विटल गेहूँ कम है। दिनांक 11 और 12 दिसंबर की दरमियानी रात को कोई अज्ञात चोर शासकीय उचित मूल्य की दुकान से गेहूँ चोरी कर ले गया है। घटना के बारे में जिला सहकारी बैंक पचमा के प्रबंधक हनुमत सिंह रघुवंशी और पुलिस को को सूचना दी गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 331(4), 305(a) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

**नाम एवं जन्म तिथि परिवर्तन सूचना**

मैं रविन्द्र यादव पिता श्री भगवान सिंह यादव आयु 40 वर्ष जातिः यादव निवासी-रामलीला चौराहा नियर गोदाम विदिशा म.प्र.। मेरे सर्विस रिकार्ड ऑफिस में मेरी पत्नि का नाम त्रुटिबश अंग्रेजी स्पिलिंग में BHARATI YADAV एवं जन्म तिथि 01/01/1989 दर्ज हो गई है जो गलत है। मेरी पत्नि के सभी दस्तवेजों में BHARTI YADAV तथा जन्म तिथि 05/01/1989 दर्ज है जो सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरी पत्नि को BHARTI YADAV तथा जन्म तिथि 05/01/1989 के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पुत्र पार्थ हरिणखेडे की कक्षा 7 वीं की अंकसूची में माता का नाम ठाकरे पुष्पा कारू अंकित है, जबकि मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम पुष्पा हरिणखेडे अंकित है, मैं मेरे पुत्र की कक्षा 7 वीं की अंकसूची में अपना नाम ठाकरे पुष्पा कारू के स्थान पर पुष्पा हरिणखेडे अंकित कराना चाहती हूँ तथा भविष्य में मेरे पुत्र के समस्त दस्तावेजों में पुष्पा हरिणखेडे के नाम से जानी जाउगीं ।


भवदीय पुष्पा हरिणखेडे पत्नी श्री योगेश कुमार
पता- म.न. 53 बोरिकलॉ पोस्ट मोहझरी तहसील मोहझरी जिला बालाघाट म.प्र.
मोबाइल नम्बर 9893589762

SHRI KHATU SHYAM JYOTISH












जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567

# घने कोहरे के आगोश में डूबा 'रायसेन शहर'



## साल के पहले घने कोहरे से ढंका शहर, सिर्फ 20 मीटर रही दृश्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को शहर में सुबह के समय सीजन का पहला घना कोहरा छाया, कोहरा इतना घना था कि दृश्यता सिर्फ 20 मीटर ही रह गई थी, जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड ने लोगों को कंपकपा दिया है।

सर्द हवाओं के चलते शहर में सप्ताह भर से रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री एवं अधिकतम 21.7 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दिनों में दो और पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में पहुंचेंगे। जिससे पहाड़ों में बर्फबारी और बारिश का दौर जारी रहेगा, जिसके चलते शीतलहर का प्रकोप दिखाई देगा।

**तापमान**

**7.2** सेल्सियस पर रात का पारा

**21.8** सेल्सियस पर दिन का पारा

**17** किमी प्रतिघंटा हवा की गति

---

## करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी वाहन चालकों और राहगीरों को राहत नहीं

# यातायात व्यवस्था बिगड़ी, सड़कें बनी पार्किंग

### तहसील कार्यालय और स्टेट बैंक के सामने सड़क चौड़ी होने के बाद भी पार्किंग और कब्जे से बिगड़े ट्रैफिक के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर की सड़कों पर 23 करोड रुपए खर्च करने के बाद चौड़ीकरण तो हो गया, लेकिन यातायात जाम के हालात नहीं सुधरे। सड़क पर खड़ी यात्री बसें और ट्रकों स्टॉपेज से हरदम सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थिति यह है कि तहसील कार्यालय के सामने, सागर रोड स्थित स्टेट बैंक के सामने और श्रीरामलीला गेट के सामने दो पहिया चार पहिया वाहनों के लिए सड़के पार्किंग स्थल बन गई हैं।

सड़कों पर वाहन पार्किंग से हालत बिगड़ने लगे हैं। करोड़ों खर्च करने के बाद भी नागरिकों को कुछ राहत नहीं मिली है, जिससे दिन में कई बार सड़क जाम के हालात बन रहे हैं। हालांकि एसपी आशुतोष गुप्ता ने धान की ट्रैक्टर-ट्रालियों की शहर में नो एंट्री कर दी है, जिससे कुछ हद तक लोगों को सड़क जाम से मुक्ति मिली है।

शहर में इन दिनों छाए घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी बेहद कम हो रही है। ऐसे में सड़क किनारे खड़ी बेस लोडिंग वाहन और ट्रक सड़क दुर्घटनाओं को खुला न्यौता दे रहे हैं। इसके बावजूद यातायात पुलिस दोनों लेन में खड़े भारी वाहनो पर प्रभावी कार्रवाई करने से बचते हैं। हालात ऐसे बन चुके हैं कि जरा सी लापरवाही में बड़ी सड़क दुर्घटना घटित हो सकती है।

#### सड़क किनारे कब्जों की भरमार, राहगीर परेशान

गोपालपुर बाईपास सिक्योरिटी से लेकर जगह-जगह सागर रोड खर गावली के समीप टोल टैक्स नाके तक कई अवैध कब्जे लोगों ने कर लिए हैं, जिससे 20 मीटर से घटकर 10 से 12 फीट संकरी हो चुकी है। सड़क चोरी करने पर हुए अवैध कब्जे हटाने जिला व पुलिस प्रशासन ने अभी तक ठोस पहल नहीं की है। जिससे अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद। जिसके चलते रोजाना शहर में भीषण सड़क जाम के हालात बन रहे हैं। सागर भोपाल तिराहे पर अस्थाई भवानी बस स्टैंड पर सागर, भोपाल, छतरपुर, प्रयागराज, रायसेन से भोपाल डबल डेकर बसों आदि बसों के अघोषित स्टॉपेज की वजह से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

#### इनका कहना है

कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो रही है। सड़क किनारे होने वाली वाहन पार्किंग पर भी ट्रैफिक टीम द्वारा सख्त चलानी कार्रवाई की जाएगी। बसों के स्टॉपेज की समस्या ट्रैफिक पुलिस ठीक करेगी।

**- लता मालवीय,** यातायात प्रभारी।

### सावधानी हटी दुर्घटना घटी, कोहरे में विजिबिलिटी भी हुई कम सड़कों पर खड़े ट्रक और बसें बनीं दुर्घटनाओं के लिए खतरा



#### फोरलेन पर सड़क दुर्घटनाओं से नहीं लिया सबक

सड़कों पर आये दिन हो रही दुर्घटनाओं से जिम्मेदार विभाग के अधिकारी कोई सबक लेना मुनासिब नहीं समझ रहे है। आलम यह है कि शहर में दिनभर वाहनों की रेलमपेल से जाम के हालात खड़े हो जाते हैं, फिर भी सड़क जाम के हालात को सुधारने की ठोस पहल नहीं की जा रही। सड़क पर आए दिन लोडिंग वाहनों और यात्री बसों एवं सवारी ऑटों के अघोषित स्टॉपेज बने जिस पर ध्यान देने की बेहद जरूरत है।

शहर के व्यापारी धर्मेंद्र राठौर, मनोज सोनी, लियाकत अली, दिनेश सेन ने बताया कि सड़क किनारे वाहन घंटे खड़े रहने से सड़क सकरी हो जाती है। इन वाहनों की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। लोगों का कहना है कि सड़क पर पुलिस की चालानी कार्रवाई सिर्फ़ चाट पकौड़े और हाथ ठेलों तक सीमित रहती है, जबकि सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों को हटाने एवं अवैध पार्किंग पर खड़े होने वाले वाहनों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे शहर का यातायात बिगड़ता जा रहा है।

#### सड़कों पर फैला दुकानदादारों का अतिक्रमण

शहर की भोपाल रोड, सागर रोड और सांची रोड पर अतिक्रमण कारियों और दुकानदारों ने कब्जा जाम रखा है। पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क चौड़ीकरण कर बीच में डिवाइड लगाए गए हैं फिर अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद है। जगह-जगह दुकानों के सामने सामान रखकर बाहर तक कब्जे कर रखे हैं, जिससे बार-बार जाम के हालात बनते हैं। कई दुकानदारों ने सड़क किनारे बिल्डिंग और कबाड़ की दुकान का सामान रख लिया है। इसके अलावा सड़कों पर ही रिपेयर सेंटर, वाहन धुनाई सेंटर और मैकेनिकों की दुकान भी लगी हुई हैं। जिससे दिन में कई जाम के हालात बन रहे हैं। अगर दुकानों के सामने से अतिक्रमण हट जाए तो कुछ हद राहत महसूस होगी।

---

## गोपालपुर से पठारी तक बनेगी नाली

# दो करोड़ 80 लाख रू से बनने वाली नाली का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा गोपालपुर तिराहा से जिला जेल पठारी मार्ग की शेष राशि से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि दो करोड़ 80 लाख रू लागत से गोपालपुर तिराहा से जिला जेल पठारी मार्ग तक नाली का निर्माण कार्य किया जाएगा।

इस नाली निर्माण से जल निकासी की समस्या का समाधान होगा, जिससे सड़क की सुरक्षा व टिकाउपन भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने क्षेत्र में किए गए विभिन्न विकास कार्यो तथा सरकार की योजनाओं का भी उल्लेख किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नपाध्यक्ष सविता सेन, राकेश शर्मा सहित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# श्रीगणेश परिक्रमा के साथ वार्षिक श्रीरामलीला मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



श्रीरामलीला मेला महोत्सव में सोमवार को भगवान गणेश की परिक्रमा निकाली गई। बाजेगाजों के बीच भगवान गणेश की शोभायात्रा बड़ा मंदिर टिपटटा बाजार से शुरू हुई जो की मुख्य मुख्य मार्ग से होती हुई श्रीरामलीला मैदान पहुंचकर भगवान गणेश की वंदना के साथ समाप्त हुई। भगवान श्री गणेश की शोभायात्रा में रामलीला मेला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, गिरजेश नारायण चतुर्वेदी एडवोकेट,पतिराम प्रजापति, कृष्णकांत चतुर्वेदी, मनोज अग्रवाल, कन्हैया सूरमा, बद्री प्रसाद पाराशर, जगदीश मांझी, राजेश पंथी पहलवान आदि शामिल हुए।

---

# बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर किया चक्काजाम, एक घंटे बाद आश्वासन पर माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



आदिवासी अचंल प्रतापगढ़ ग्राम तथा अन्य ग्रामों में बीते कई महीने से बिजली समस्या से जूझ रहे ग्रामीणो के सब्र का बांध सोमवार को फूट पड़ा। अंचल के ग्रामों से अनेक ट्रेक्टर ट्राली पर सवार होकर सिलवानी आए ग्रामीणों ने बिजली कार्यालय के सामने स्टेट हाईवे 44 पर सड़क पर बैठ कर चक्काजाम कर जम कर नारेबाजी की।

करीब एक घंटे तक चले चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनो की कतार लग गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे एसडीएम हर्षिल चौधरी, एसडीओपी अनिल मौर्य तथा बिजली कंपनी के डीजीएम पराग घबर्ड़े को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उल्लेख किया कि नगपुरा, रायपानी, सोनपुरा, नगझिरी, सेमराखास, महुआखेड़ा, जामनपानी, घोघरी, सहित लगभग बीस ग्रामों में बीते कई महिनो से बिजली की समस्या बनी हुई है। बोल्टेज ना मिलने से सिंचाई पंप नहीं चल पा रहे है। ज्ञापन में अन्य समस्या का उल्लेख करते हुए तत्काल ही समस्या के निराकरण की मांग की।

#### 3 दिन में निराकरण का दिया आश्वासन

बिजली कंपनी के डीजीएम पराग घबर्ड़े ने आंदोलन कारियों को आश्वासन दिया कि 3 दिन में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। आश्वासन के बाद चक्काजाम करने वाले आंदोलन कारियों ने कहा कि यदि 3 दिन में समस्या का निराकरण नही हुआ तो तीव्र आंदोलन किया जाएगा।

# सांची की बिटिया तन्वी ने जिला और नगर का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची




राज्य कर्मचारी मध्यप्रदेश संघ के अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव की पुत्री तन्वी श्रीवास्तव को वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन हो गया है। उनकी इस उपलब्धि से उनके माता-पिता के साथ पूरा शहर और जिला गौरांवित महसूस कर रहा है।

इस मौके पर तन्वी श्रीवास्तव को नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम तथा नगर वासियों ने उनका फूल मालाओं सहित भव्य स्वागत किया तन्वी श्रीवास्तव अब वायु सेना में देश की सेवा करेंगी और नई ऊंचाइयों पर पहुंचकर देश तथा माता-पिता का नाम रोशन करेंगी। इस खुशी में लोगों ने उनको बधाई दी। बधाई देने वालों में अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, दिनेश उपाध्याय, राजीव श्रीवास्तव, सुशील त्रिवेदी, पार्षद रघुवीर सिंह चौहान, रजनीश श्रीवास्तव, जुगलकिशोर राय, पार्षद सुनील जैन, प्रेमप्रकाश राय तथा अन्य लोगों द्वारा बधाई दी गई।

### साढ़े तीन किलो गांजे से भरी बोरी हाइवे पर मिली

**सलामतपुर।** रविवार देर रात अज्ञात बदमाश भोपाल विदिशा हाइवे पर हनुमान मंदिर के सामने गांजे से भरी हुई बोरी फेंक कर चला गया। जिसमें लगभग साढ़े तीन किलो गांजा दो पैकेट में भरा हुआ मिला। राहगीर ने उक्त गांजे की बोरी मिलने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जानकारी मिलते ही तत्काल गांजे से भरी हुई बोरी को जब्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस की कार्रवाई कर मामले को जांच में लिया है। वहीं सोमवार को गांजे की जब्ती बनाकर रायसेन न्यायालय में 52 ए की कार्रवाई के लिए भेजा है। बता दें कि एसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की जा रही है, जिससे चोर और बदमाशों में भय का माहौल बना हुआ है।

---

# ड्यूटी के दौरान पहरी ने किया नशा, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

उप जेल में ड्यूटी के दौरान पहरी नशे की हालत में उप जेल पहुंचा पहरी गणेश प्रसाद का उप जेलर द्वारा अस्पताल पहुंचाकर मेडिकल कराया गया उप जेलर विनय गढ़वाल ने पहरी गणेश प्रसाद सेमरे की ड्यूटी के दौरान नशा किए जाने के संबंध में एसडीएम संतोष मुद्गल को पत्र लिखा गया केंद्रीय जेल नर्मदा पुरम को सूचित किया जहां से पहरी गणेश प्रसाद को निलंबित कर दिया गया।




जानकारी के अनुसार उप जेल का पहरी गणेश प्रसाद नशे का आदि और नशे की हालत में ही उप जेल में ड्यूटी करने के कारण पूर्व में दो बार निलंबित हो चुका है।जब पहरी ही शराब प्रवृत्ति का हो और नशे की हालत में ड्यूटी करे तो उप जेल में कोई भी गंभीर घटना होने की संभावना रहती है।पहरी निलंबित तो हो गया परंतु नशा प्रवृत्ति आदत में सुधार भी होगा चर्चा का विषय बना हुआ है।

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने की विभागों और योजनाओं की समीक्षा

### जिले के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि लाने जिला अधिकारी प्रति सप्ताह करेंगे स्कूलों का निरीक्षण

# न्यूनतम ई-अटेन्डेंस वाले 20 संकुल प्राचार्यों के साथ पांच बीईओ को भी थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई टीएल बैठक में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने विभागीय गतिविधियों, योजनाओं के क्रियान्वयन, निर्माण कार्यो की प्रगति और सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और परीक्षा परिणामों में वृद्धि के लिए जिला अधिकारियों की विभिन्न स्कूलों में निरीक्षण के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से शासकीय स्कूलों में परीक्षा परिणाम में वृद्धि के लिए किए जा रहे प्रयासों को गति देने के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय स्कूलों में शिक्षकों ई-अटेन्डेन्स की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी शिक्षक समय से उपस्थित हों तथा गंभीरता से अध्यापन कार्य कराएं। विद्यालयों में शिक्षकों ई-अटेन्डेन्स की समीक्षा के दौरान विकासखण्ड उदयपुरा, बाड़ी, सांची, औबेदुल्लागंज और बेगमगंज में ई-अटेन्डेन्स में 50 प्रतिशत से कम शिक्षकों की उपस्थिति प्रदर्शित होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए इन विकासखंडों के बीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

साथ ही जिले में 20 सबसे कम ई-अटेन्डेंस वाले संकुल प्राचार्यो को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि ई-अटेन्डेंस शत-प्रतिशत होनी चाहिए।

#### उप पंजीयक कार्यालय में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर को हटाया

**रायसेन।** उप पंजीयक कार्यालय में जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते अव्यवस्थाओं का बोलबाला बना हुआ है। वर्तमान में पदस्थ सब रजिस्टार अरविंद चौहान का चहिता प्राइवेट बाबू जो उनका ड्राइविंग भी है, उसके द्वारा कुर्सी पर बैठकर रजिस्ट्री की जा रही हैं। सोमवार को कवरेज करने गए एक मीडिया कर्मी द्वारा जब प्रायवेट ऑपरेटर द्वारा रजिस्ट्रि करने का विरोध किया तो, साथ में बैठे सब रजिस्टार अरविंद चौहान द्वारा मीडिया कर्मी से बदसलूकी करते हुए मारपीट की। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। घटना की जब विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी एवं कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा से शिकायत की तो उन्होंने तुरंत संज्ञान लेकर प्रायवेट कम्प्यूटर ऑपरेटर को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

# पिपरिया मार्ग पर वाहनों की हुई मजिस्ट्रेट चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बरेली पिपरिया मार्ग पर मजिस्ट्रेट चेकिंग में यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 35000 रुपए से अधिक की जुर्माना राशि वसूली गई।



■ 70 वाहनों के बने चालान 35 हजार रुपए से अधिक राशि वसूली

एडीजे अमित मालवीय मजिस्ट्रेट ललित कुमार, अंकित नागर एवं न्यायालय स्टाफ और पुलिस बल नगर पंचायत के कर्मचारियों की वाहन चेकिंग के दौरान सक्रियता बनी रही विभिन्न मार्गों पर बिना हेलमेट बिना बीमा बिना नंबर प्लेट बिना कागजात और दो पहिया वाहनों पर 3-4 बैठने वाले दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला।

मजिस्ट्रेट वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले 70 दो पहिया, चार पहिया वाहनों से 35 हजार रुपए से अधिक जुर्माना राशि वसूली गई।